जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया का किया भ्रमण*

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का आज जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्माणाधीन सेमिनार हॉल, यंत्रशाला, भंडार गृह, थ्रेशिंग फ्लोर, हाइड्रोपोनिक इकाई तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के मुख्य द्वार का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाने हेतु यूपीपीसीएल को निर्देशित किया जिससे केंद्र पर कृषकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक कृषि सुविधाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एपीएम श्री इरफान सिद्दीकी, खंड विकास अधिकारी बिसवां, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव सहित केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिर कांत सिंह, डॉ. सचिन प्रताप तोमर, डॉ. शुभम सिंह राठौर, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

ICICI Bank

ICICI Foundation
Rainwater Harvesting System